रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 607] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अक्तूबर 1, 2015/आश्विन 9, 1937
No. 607] NEW DELHI, THURSDAY, OCTOBER 1, 2015/ASVINA 9, 1937

नागर विमानन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 सितंबर, 2015

सा.का.नि. 751 (अ). — केन्द्र सरकार ने यह विचार करते हुए कि विमान प्रचालनों की संरक्षा के लिए ऐसा करना अनिवार्य और समयोचित है, एयरक्राफ्ट अधिनियम 1934 (1934 का XXII) (यहां उक्त अधिनियम के रूप में उद्धृत) की उपधारा (1) एवं धारा 9 ए के साथ पठनीय धारा 5 की उप धारा (2) के खंड (आर) तथा खंड (0) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारत के राजपत्र में प्रकाशित नागर विमानन मंत्रालय के दिनांक 14 जनवरी, 2010 की अधिसूचना संख्या एस.ओ.84 (ई), भाग II, धारा 3, उप धारा (II) का अधिक्रमण करते हुए, उन चीजों को छोड़कर जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने के लिए छोड़ा गया है, कुछ नियमों को तैयार करने का प्रस्ताव किया है। स्टेकहोल्डर्स से एस.ओ. के मसौदे पर आपत्तियां अथवा सुझाव मंगाए गए थे तथा जिस सीमा तक ये स्वीकार्य थे, सरकार द्वारा इन पर विचार किया गया। इन नियमों को पब्लिक डोमेन में दुबारा डालने से छूट प्राप्त करते हुए लोक-हित में इन नियमों को अधिसूचित किया जाता है।

1. **संक्षिप्त शीर्षक व प्रारम्भ –(1)** इन नियमों को नागर विमानन मंत्रालय (विमान प्रचालनों की रक्षा हेतु ऊँचाई संबंधी प्रतिबंध) नियम, 2015 कहा जायेगा।

(2) वे सरकारी राजपत्र में अंतिम रूप से प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. **लागू होना–** ये नियम अनुसूची III से अनुसूची VII, समय समय पर यथासंशोधित में शामिल-सभी सिविल एवं डिफेंस विमानक्षेत्रों पर लागू होंगे।

3. **परिभाषाएं –** इन नियमों में संदर्भ जब तक अन्यथा अपेक्षित न हो –

(i) "अधिनियम" से तात्पर्य एयरक्राफ्ट अधिनियम 1934 (1934 का XXII) से है।

Verified by RealEstate™

(ii) "विमानक्षेत्र" में भारत में वैमानिकी के उद्देश्य से प्रयोग किए जाने वाले सिविल व रक्षा विभाग के हवाई अड्डे, एयरस्ट्रिप्स, संचार, दिक्चालन एवं निगरानी सुविधाएं शामिल हैं।

(iii) "विमानक्षेत्र का उन्नयन" से तात्पर्य अनुसूची III से अनुसची VII में निर्धारित लैंडिंग क्षेत्र के सबसे ऊँचे बिंदु के उन्नयन से है।

(iv) "प्राधिकृत अधिकारी" से तात्पर्य इन नियमों के लिए रक्षा विभाग के प्राधिकारियों द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी से है।

(v) "विमानपत्तन प्राधिकरण" से तात्पर्य भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1994 (1994 का 55) की धारा 3 के अंतर्गत गठित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से है।

(vi) किसी हवाई अड्डे के "कलर कोडेड जोनिंग मानचित्र" से तात्पर्य विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा तैयार व प्रमाणित किए गए उस मानचित्र से है जिसमें विमानक्षेत्र रक्षा के उद्देश्य से हवाईअड्डे के आस-पास के क्षेत्रों को माध्य समुद्र स्तर के ऊपर अनुमत ऊंचाई के साथ विभिन्न रंग कोडेड ग्रिडों में दर्शाया गया हो। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का एक मॉडल कलर कोडेड जोनिंग मानचित्र अनुसूची **IX** पर दिया गया है।

(vii) "पदनामित अधिकारी" से तात्पर्य भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी से जो कि अनुसूची **VIII** के परिशिष्ट ड में निर्धारित अनुसार अनापत्ति प्रमाणपत्र पर कार्रवाई करने एवं उसे जारी करने के लिए जिम्मेदार है।

(viii) "अनापत्ति प्रमाणपत्र" से तात्पर्य नियम 5 के अंतर्गत जारी किए गए प्रमाण-पत्र से है।

(ix) "संरचना" में भवन, मास्ट, टॉवर, चिमनी व खम्बे ट्रांसमीशन लाइनें उत्थापित सड़कें या वायाडक्ट्स या पुल एवं उत्थापित रेलवे लाइनें, विन्ड फार्मस एवं मानव निर्मित अन्य दूसरी संरचनाएं शामिल हैं।

(x) इन नियमों में प्रयोग किए गए परन्तु पारिभाषित न किए गए शब्दों एवं अभिव्यक्तियों के अर्थ अधिनियम में उन्हें क्रमश: प्रदान किए गए अर्थ होंगे।

4 निर्माणों, उत्थापनों, पेड़ों इत्यादि पर प्रतिबंध– (1) अनुसूची III से अनुसूची **V**II में यथा विनिर्दिष्ट सिविल एवं रक्षा विभाग के विमानक्षेत्रों के विमानक्षेत्र संदर्भ बिन्दु से बीस कि.मी से कम के घेरे के भीतर किसी भूमि पर ऊंचाई क्लीयरेंस के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किए बिना नियम 7 के उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट मामलों को छोड़कर किसी संरचना का निर्माण या उत्थापन नहीं किया जाएगा अथवा कोई पेड़ लगाया या उगाया नहीं जाएगा।

(2) नागर एवं रक्षा एयरोड्रोमों की अनुसूची I में विनिर्दिष्ट और अनुसूची III से अनुसूची **VII** में यथा सूचीबद्ध क्षेत्रों के भीतर किसी भी भूभाग पर, वैमानिक प्रयोजनों के लिए अपेक्षित अनिवार्य दिक्चालन सहायताओं और अन्य संस्थापनाओं को छोड़कर, किसी भी संरचना का निर्माण या उत्थापन नहीं किया जाएगा या कोई वृक्ष रोपा या उगाया नहीं जाएगा।

(3) विमानक्षेत्र संदर्भ बिन्दु से बीस कि.मी. से कम के घेरे के भीतर किसी भूमि पर अनुसूची II में विनिर्दिष्ट ऊंचाई से अधिक ऊंचाई वाली किसी संरचना का निर्माण या उत्थापन नहीं किया जाएगा तथा ऐसा कोई पेड़ नहीं लगाया जाएगा जिसके उक्त अनुसूचियों में विनिर्दिष्ट ऊंचाई से अधिक ऊँचा हो जाने की संभावना हो या पेड़ सामान्यत: बढ़कर उससे ऊंचा हो जाता हो।

(4) हवाईअड्डे की चार दीवारी के एक कि.मी. के भीतर लेवल सड़कों एवं लेवल रेलवे लाइनों के लिए भी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे।

5. अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करना– (1) सिविल विमानक्षेत्रों के संबंध में अनापत्ति प्रमाणपत्र केंद्र सरकार की ओर से सिविल विमानक्षेत्रों के संबंध में पदनामित अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा।

(2) रक्षा विभाग के विमानक्षेत्रों के संबंध में अनापत्ति प्रमाणपत्र अनुसूची 1 एवं अनुसूची II के अनुसार प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऐसी दूसरी शर्तों जिसे कि प्राधिकृत अधिकारी उचित समझे, के अधीन जारी किया जाएगा।

Verified RedEstate ™

(3) नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा लाइसेंस प्राप्त राज्य के स्वामित्व वाले एवं निजी विमानक्षेत्रों के मामले में ऐसे हवाईअड्डों पर ऑब्स्टेकल लिमिटेड सरफेसेज (ओ एल एस) की सुरक्षा के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र पदनामित अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा तथा नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा लाइसेंस न प्राप्त राज्य के स्वामित्व वाले एवं निजी विमानक्षेत्रों के मामले में प्रक्रिया का विनियमन नियम 13 में यथा विनिर्दिष्ट ढंग से किया जाएगा।

(4) अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आवेदक को आवेदन अनापत्ति प्रमाणपत्र आवेदन प्रणाली (एन ओ सी ए एस) के माध्यम से, जहां विमानपत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट **www.aai.aero** से पहुंचा जा सकता है, पदनामित अधिकारी के पास करना होगा।

6 कलर कोडेड जोनिंग मानचित्र जारी करना– सिविल विमानक्षेत्रों के संबंध में कलर कोडेड जोनिंग मानचित्र (सी सी जेड एम) विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जारी किए जाएंगे जिसमें विभिन्न रंग कोडेड ग्रिड्स के माध्यम से विमानक्षेत्र संदर्भ बिन्दु से बीस कि.मी. के कम दायरे के भीतर पड़ने वाले हवाई अड्डे के आस-पास के क्षेत्रों में अनुमत ऊंचाइयां दर्शाई जाएंगी। सीसीजेडएम एएआई की वेबसाइट **www.aai.aero** पर उपलब्ध है।

7 भवनों, संरचनाओं आदि के निर्माण के लिए अनुमोदन-(1) पदनामित अधिकारी द्वारा जारी किए गए अनापत्ति प्रमाणपत्र पर विचार करने के उपरांत संबंधित स्थानीय, नगर या शहर आयोजना एवं विकास प्राधिकारी विद्यमान भवन विनियमों या उप-नियमों या उस समय के लिए लागू दूसरे नियम के अनुसार अनुमोदन प्रदान करेंगे। स्थानीय, नगर या शहर आयोजना एवं विकास प्राधिकारी भवनों या संरचनाओं के निर्माण को अनुमोदित करने से पहले उस समय लागू मौजूदा भवन विनियमों या उप-नियमों या अन्य कानून पर भी विचार करेंगे।

(2) उन विमानक्षेत्रों के मामले में जहां कलर कोडेड जोनिंग मानचित्र विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए हैं, वहाँ स्थानीय, नगर या शहर आयोजना एवं विकास प्राधिकरण ऐसे कलर कोडेड जोनिंग मानचित्रों में उपलब्ध कराए गए ऊंचाई विनिर्देशों के अनुसार संरचनाओं के निर्माण का अनुमोदन प्रदान करेंगे।

बशर्ते कि स्थानीय, नगर या शहर आयोजना व विकास प्राधिकारियों द्वारा ऐसी साइटों के लिए अनुमोदन नहीं प्रदान किया जाएगा जो किसी हवाईअड्डे के एप्रोच, टेक ऑफ एवं ट्रांजिशनल क्षेत्रों में पड़ती हैं या किसी दूसरे ऐसे क्षेत्र में पड़ती हैं जिसे कलर कोडेड जोनिंग मानचित्र में पदनामित अधिकारी या प्राधिकृत अधिकारी से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए अनिवार्य रूप में चिन्हित किया गया हो।

(3) स्थानीय, नगरपालिका अथवा शहरी योजना तथा विकास प्राधिकारियों द्वारा मंजूरी योजना प्रमाणित की जाएगी कि भवन अथवा अवसंरचना का फ्लोर क्षेत्र इंडेक्स अथवा फ्लोर क्षेत्र अनुपात तथा दर्शाई गई ऊँचाई अनुमेय ऊँचाई के भीतर है जैसा कि दिए गए स्थल हेतु रंगीन कोडिड जोनिंग नक्शे में दर्शाई गई है।

(4) स्थानीय, नगरपालिका अथवा शहरी योजना तथा विकास प्राधिकारियों द्वारा उप-नियम (1) तथा उप-नियम (2) के तहत अनुमोदित अवसंरचना का विवरण संबंधित पदनामित अधिकारी या प्राधिकृत अधिकारी को अनुमोदन की तिथि से 30 दिनों की अवधि के भीतर प्रस्तुत करना होगा।

8. अचल बेतार स्टेशन के साईटिंग टॉवर की क्लियरेंस :- (1) अचल बेतार स्टेशनों के साईटिंग टॉवर संबंध में क्लियरेंस रंगीन कोडिड जोनिंग नक्शे में दर्शाई गई औसत समुद्री स्तर से ऊपर ऊँचाई को ध्यान में रखते हुए संचार मंत्रालय, भारत सरकार के रेडियो आवृत्ति आवंब्न का स्थायी परामर्शदाती समिति द्वारा जारी किया जाएगा।

(2) संचार मंत्रालय, भारत सरकार की रेडियो आवंटन (एस ए सी एफ ए) पर स्थायी परामर्शदाती समिति, उप-नियम (1) के तहत अचल बेतार स्टेशनों की साईटिंग टॉवर के विवरण अनुमोदन की तिथि से 30 दिनों की अवधि के भीतर पदनामित अधिकारी या प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेगी।

9. अनापत्ति प्रमाणपत्र के आवेदनों की प्रोसेसिंग - (1) सिविल विमानक्षेत्रों के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र के मामलों को द्वारा दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, बेंगलूरू, अहमदाबाद तथा नागपुर हवाई अड्डों में से प्रत्येक हवाईअड्डे पर स्थित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नौ कार्यालयों में संसाधित किया जाएगा।

(2) उप-नियम (1) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट कार्यालयों में उपलब्ध पदनामित अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सिविल एयरोड्रोम के संबंध में अनापत्ति प्रमाणपत्र के आवेदनों को संसाधित करने और अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने के लिए

उत्तरदायी होगा/संबंधित पदनामित अधिकारी द्वारा ऊँचाई संबंधी क्लियरेंस के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने के लिए प्राधिकार-पत्र जारी करेगा।

(3) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए अनुसार साइट की ऊँचाई और समन्वयों (कॉओर्डिनेट्स) के ब्यौरे का वास्तविक सत्यापन करने के लिए चार्टर्ड इंजीनियर और सर्वेयर का पेनल सौंपा जा सकता है। इसका व्यय आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

(4) दिल्ली स्थित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मुख्यालय का प्रभारी अधिकारी क्षेत्रीय तथा स्टेशन स्तर के अधिकारियों के कार्य-कलापों का पर्यवेक्षण करेगा ।

10. पदनामित अधिकारी की ड्यूटी - (1) अनुसूची VIII के परिशिष्ट एम में विनिर्दिष्ट पदनामित अधिकारी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उत्तरदायी होगा तथा भवन अथवा अवसंरचना के निर्माण हेतु मंजूरी देने में स्थानीय, नगरपालिका अथवा शहरी योजना तथा विकास प्राधिकारियों के साथ समन्वय करेगा ।

(2) पदनामित अधिकारी नियम के उपधारा (1) के तहत उसके द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्रों की प्रति संबंधित हवाईअड्डा प्रचालक और संबंधित स्थानीय, निगम या नगर नियोजन और विकास प्राधिकारियों को अग्रेषित करेगा।

11. अपीलीय समिति- (1) निम्नलिखित को शामिल कर अपीलीय समिति का गठन इस प्रकार होगा:-

(क) संयुक्त सचिव (हवाईअड्डे), नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार - अध्यक्ष

(ख) नागर विमानन संयुक्त महानिदेशक (विमानक्षेत्र), नागर विमानन महानिदेशालय - सदस्य

(ग) सदस्य (विमान दिक्चालन सेवाएं), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण - सदस्य तथा

(घ) संचार तथा विमान यातायात प्रबंधन के क्षेत्र का ज्ञान रखने वाला एक तकनीकी विशेषज्ञ - सदस्य ।

(2) यदि कोई व्यक्ति या स्थानीय, नगरपालिका अथवा शहरी योजना तथा विकास प्राधिकारी या कोई हवाईअड्डा प्रचालक पदनामित अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है तो ऐसा व्यक्ति या निकाय इन नियमों के अधीन अनुज्ञेय ऊँचाई के संबंध में अपनी/उनकी शिकायत के निवारण के लिए अपीलीय समिति के समक्ष अपील कर सकता है।

(3) उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट अपीलीय समिति हेतु संदर्भ के मामले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में प्राप्त और संसाधित किए जाएंगे।

12. स्थानीय प्राधिकारियों तथा हवाईअड्डे प्रचालकों के उत्तरदायित्व - (1) हवाईअड्डे के आसपास अवरोधों की प्रभावी सत्यापन, मॉनीटरिंग तथा नियंत्रण हेतु स्थानीय नगरपालिका अथवा शहरी योजना तथा विकास प्राधिकारियों की तथा हवाईअड्डे प्रचालकों की जिम्मदारी होगी कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि अनुमोदित भवन योजना के अनुसार संरचना की ऊँचाई एवं उसकी स्थिति हो तथा संबंधित पदनामित अधिकारी अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ही अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी हो ।

(2) उप नियम (1) के प्रस्तावों के अनुसार, स्थानीय, नगरपालिका तथा शहरी योजना तथा विकास प्राधिकारी तथा हवाईअड्डे प्रचालक आवश्यक प्रशिक्षण जनशक्ति एवं उपकरणों सहित उचित तंत्र का विकास करेगा ताकि अवसंरचना की ऊँचाई, स्थल की ऊँचाई तथा स्थल की स्थिति सत्यापित हो सके तथा विश्व जियोडिटिक प्रणाली 1984 (डब्ल्यू जी एस 84) में समन्वय हो ।

13. नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा लाइसेंस न दिए गए राज्य स्वामित्व तथा प्राइवेट हवाईअड्डे की स्थिति में किए जाने वाली प्रक्रिया का पालन - (1) नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा लाइसेंस न दिए गए राज्य के स्वामित्व अथवा प्राइवेट हवाईअड्डों के मामले में संबंधित राज्य सरकार ऐसे हवाईअड्डे पर अवरोध परिसीमन सर्फेस के बचाव के लिए उत्तरदायी होगी:

बशर्ते पदनामित अधिकारी राज्य सरकार को अवरोध सीमांकन तलों के संरक्षण के लिए के बचाव के लिए दिशा-निर्देश देगा, जब कभी भी संबंधित राज्य सरकार द्वारा ऐसा दिशानिर्देश मांगा जाएगा।

14. विमानक्षेत्र का विकास तथा अपग्रेडेशन - (1) विमानक्षेत्र का अनुमोदित मास्टर प्लान इसके विकास तथा भावी विस्तार अथवा उन्नयन को सुनिश्चित करने के लिए ड्राइंग तथा विभिन्न अवरोध परिसीमन सर्फेस हेतु विचार किया जाएगा ।

(2) पदनामित अधिकारी अथवा प्राधिकृत अधिकारी, जैसा भी मामला हो, किसी विमानक्षेत्र (इसके रनवे के आयाम) के विकास अथवा उन्नयन के संबंध में अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से पूर्व हवाईअड्डे की ऊँचाई क्लीयरेंस हेतु प्रस्तावित संचार, दिक्चालन तथा निगरानी (सी एन एस) सुविधाएं तथा विमान दिक्चालन प्रचालन (पी ए एन एस-प्रचालन) प्रक्रिया पर विचार करेगा ।

(3) मौजूदा हवाईअड्डों पर ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के मास्टर प्लान के विकास अथवा हवाईअड्डे के बड़े विस्तार अथवा नए संचार, दिक्चालन अथवा निगरानी सुविधाओं के प्रतिष्ठापन के समय, हवाईअड्डा विकासकर्ता, हवाईअड्डा प्रचालक अथवा विमान दिक्चालन सेवा प्रदाता, जैसा भी मामला हो संबंधित अंशाधारियों के साथ आवश्यक तौर पर सलाह मशविरा करेगा।

(4) विमानक्षेत्र विकासकर्ता अथवा प्रचालक तथा ए एन एस प्रदाता जैसा भी मामला हो, विमानक्षेत्र का अनुमोदित मास्टर प्लान तथा किसी हवाईअड्डे (इसके धावन पथ के आयाम, संचार, दिक्चालन तथा निगरानी (सी एन एस) सुविधाएं तथा विमान दिक्चालन सेवा प्रचालन (पी ए एन एस-प्रचालन) संबंधित पदनामित अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

15. अवहेलना के मामलों में प्रक्रिया- उल्लंघन के मामले जहाँ किसी मौजूदा भवन, संरचना अथवा किसी भूमि पर वृक्ष की ऊँचाई अनुसूची। तथा अनुसूची ।। में विनिर्दिष्ट ऊँचाई के नियम 4 में विनिर्दिष्ट ऊँचाई की सीमाओं से अधिक होगी अथवा इन नियमों के प्रावधानों की अनुपालना न करने से किसी अन्य उल्लंघन होने पर, इसे विमान (भवन और वृक्ष इत्यादि द्वारा अवरोध उत्पन्न करने पर उन्मूलन) नियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार इस पर कार्रवाई की जाएगी।

16. बचत - भवन के मामलो के लिए आठ वर्ष तथा मशतूल,चिमनी तथा नियंत्रक टावर इत्यादि के लिए बारह वर्षों की अनुमान वैधता अवधि के दौरान जिसके भीतर आवेदक ने अवसंरचना कार्य पूर्ण किया है तथा संबंधित प्राधिकारियों से पूर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो उन पर भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एस.ओ. 84 ई दिनांक 14 जनवरी, 2010 एस.ओ. 1589 (ई) दिनांक 30 जून, 2008 तथा एस.ओ. 988 दिनांक 5 जनवरी, 1988 द्वारा जारी अधिसूचना के अंतर्गत विधिवत जारी अनुमानित ऊंचाई इन नियमों से प्रभावित नहीं होगी।

बशर्ते यदि निर्माण कार्य भवन हेतु आंरभिक वैधता अवधि के दौरान अथवा मस्तूल, चिमनी इत्यादि संरचनाओं हेतु सात वर्षों के भीतर आंरभ न किया गया हो, पुर्नवैधीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे भवनों अथवा संरचनाओं की ऊंचाई को इन नियमों के अनुसार पुन:आकलन किया जाएगा।

न. ए वी. 24032/259/2015-ए.ए.आई

अरुण कुमार, संयुक्त सचिव

अनुसूची –I

प्रयोजन : अनुबंध-I, निर्माण निषेध क्षेत्र (एनसीजेड) अर्थात वैमानिक ग्राउण्ड एड्स (एजीए) तथा संचार, दिक्चालन एवं निगरानी (सीएनएस) सुविधाओं के आस-पास वह क्षेत्र जिसे विमान प्रचालन की संरक्षा तथा नियमितता के लिए सभी अवरोधों से मुक्त रखने की आवश्कता होती है, को इंगित करता है।

1. धावनपथ

1.1 धावनपट्टी : नीचे विनिर्दिष्ट भूमि क्षेत्र सभी अवरोधों से पूरी तरह से मुक्त हो जैसा कि नीचे दिया गया है (अनुसूची-। के परिशिष्ट-1 का अवलोकन करें):-

1.1.1 भूमि मध्य लाइन के दोनों ओर 150 मी0 की एक रूप चौडाई की धावनपट्टी जिसका विस्तार पथ उपकरण एप्रोच प्रक्रिया सहित कोड 3 और 4 के धावनपथ के विस्तारित मध्यलाइन के साथ धावनपथ के प्रत्येक अंतिम छोर से 60 मी0 तक परे होगी, के भीतर समाविष्ट भूमि।

1.1.2 मध्य लाइन के दोनों ओर 75 मी0 की एक रूप चौडाई की धावनपथ पट्टी के भीतर समाविष्ट भूमि जो उपकरण एप्रोच प्रक्रिया सहित धावनपथ कोड 1 और 2 के लिए तथा गैर उपकरण धावनपथ कोड 3 और 4 के लिए धावनपथ के विस्तारित मध्यलाइन के साथ-साथ धावनपथ के प्रत्येक अंतिम छोर से 60 मी0 परे तक विस्तृत होगा।

1.1.3 मध्य लाइन के दोनों ओर 40 मी0 की एक रूप चौडाई की धावन पथ पट्टी के भीतर समाविष्ट भूमि जो गैर उपकरण धावन पथ कोड 2 के लिए धावन पथ के विस्तारित मध्यलाइन के साथ-साथ धावन पथ के प्रत्येक अंतिम छोर से 60 मी0 परे तक विस्तृत होगा।

1.1.4 मध्य लाइन के दोनों ओर 30 मी0 की एक रूप चौडाई की धावन पथ पट्टी के भीतर समाविष्ट भूमि जो उपकरण धावन पथ कोड 1 के लिए धावनपथ के विस्तारित मध्य लाइन के साथ-साथ धावन पथ व अंतिम छोर से 30 मी0 परे तक विस्तृत होगा।

Verified by RedLegal

1.2 एप्रोच एरिया के आन्तरिक छोर के 1500 मी0 के भीतर अतिरिक्त हाईटेंशन, हाईटेंशन लाइन्स के संस्थापन की अनुमति नहीं होगी ।

2. फ्रैंजिबिलिटी अपेक्षा:

2.1 वायु दिक्चालन के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित कोई उपकरण या संस्थापन निम्नलिखित पर अवस्थित होना चाहिए :

(क) धावनपथ पट्टी के उस प्रभाग पर जो निम्नलिखित के भीतर हो :

(i) रनवे मध्य लाइन के 75 मी0 जहां कोड नं. 3 या 4 है,

(ii) रनवे मध्य लाइन के 45 मी0 जहां कोड नं. 1 या 2 है, अथवा

(ख) धावन पथ अंत सुरक्षा क्षेत्र, टैक्सी पथ पट्टी या नागर विमानन अपेक्षा के खण्ड-4, सीरीज-ख, भाग-1 विमानक्षेत्र डिजाइन तथा प्रचालन में विनिर्दिष्ट दूरी के भीतर अथवा

(ग) ऐसे क्लीयर वे पर और जो वायु में वायुयान को खतरा पैदा करेगा, भंगुर होगा तथा उसे यथासंभव नीचा तैयार किया जाएगा ।

2.2 वायु दिक्चालन प्रयोजनों के लिए अपेक्षित कोई उपकरण या संस्थापन जो उपकरण अवतरण प्रणाली के श्रेणी I, II और III के परिशुद्ध एप्रोच रनवे पट्टी के नजदीक अवस्थित होना चाहिए और जो –

(क) धावन पथ की मध्य लाइन के 77.5 मीटर के भीतर पट्टी के उस प्रभाग पर स्थित है जहां कोड नं0 4 और कोड आकार एफ है, अथवा

(ख) जो पटटी के अंत से 240 मीटर के भीतर स्थित है तथा जो –

(i) विस्तारित धावन पथ की मध्य लाइन के 60 मीटर के भीतर है जहां कोड नं0 3 या 4 है, या

(ii) विस्तारित धावन पथ की मध्य लाइन के 45 मीटर के भीतर है जहां कोड नं0 1 या 2 है, या

(iii) भीतर पहुंच सतह, भीतर परिवर्ती स्तर में या बाधित लैंडिंग सतह में प्रवेश कर जाता है।

भंगुर होगा तथा यथा संभव निचले स्तर पर लगाया जाएगा ।

3. संचार, दिक्चालन एवं निगरानी सुविधाएं

3.1 अति उच्च फ्रीक्वेंसी ओमनी रेंज (वीओआर)/ कोलोकेटेड दूरी मापक उपस्कर (डीएमई) तथा अति उच्च फ्रीक्वेंसी डायरेक्शन फाइन्डर (वीएचएफ डीएफ) : सुविधा की 300 मी0 त्रिज्या के भीतर अवतरण क्षेत्र ।

3.2 लोकलाइजर अथवा एलएलजेड (आईएलएस का एक उपकरण जो कि अजीमथ (azimuth) मार्गदर्शन उपलब्ध करता है): लैंड क्षेत्र निम्नलिखित से घिरे हुए हैं (परिशिष्ट एफ 5 पर दिए गए आरेख का अवलोकन करें) :-

3.2.1 रनवे की पहुंच या उसके निकटतम छोर की दिशा में, जो भी लोकलाइजर एंटेना से अधिक और रनवे से लंबवत हो, 300 मी0 की लाइन में,

3.2.2 रनवे के दोनों ओर तथा समानान्तर लोकलाइजर एंटेना की मध्यम लाइन से 60 मी0 की एक लाइन ।

3.2.3 लोकलाइजर एंटेना के मध्य तथा रनवे के लंबवत एक लाइन और

3.2.4 एंटेना प्रणाली के मध्य में केन्द्र के साथ 75 मी0 त्रिज्या के गोले के भीतर क्षेत्र ;

3.3 **ग्लाइड पाथ** (आइएलएस का एक उपकरण जो कि उर्ध्व मार्गदर्शन उपलब्ध कराता है): यह क्षेत्र निम्नलिखित से घिरा हुआ होता है, (परिशिष्ट एफ 4 पर दिए आरेख का अवलोकन करें) :

3.3.1 ग्लाइड पाथ सुविधा से पहुंच दिशा में 300 मी0 की लाइन

3.3.2 एक लाइन जिसके अंतर्गत ग्लाइड पाथ एंटेना हो और जो रनवे के लंबवत हो,

3.3.3 ग्लाइड पाथ से निकट रनवे का छोर

3.3.4 रनवे से दूर तथा इसके समानान्तर दिशा में 30 मी0 की लाइन ।

Verified by RealEstate™

3.4 **स्थान निर्धारण / चित्रांकन बीकन (संकेत दीप):** चित्रांकन और स्थान निर्धारण बीकन स्थल के 30 मी0 त्रिज्या के भीतर भूमि ।

3.5 हवाई अडडा सर्विलांस राडार (एएसआर): राडार एंटेना से 500 मी0 की दूरी तक पेडेस्टल ऊंचाई के नीचे 3 मीटर के स्तर से ऊपर किसी संरचना की अनुमति नहीं होगी ।

3.6 वायु मार्ग सर्विलांस राडार (एआरएसआर): राडार एंटेना से 200 मी0 की दूरी तक पेडेस्टल ऊंचाई के नीचे 5 मीटर के स्तर से ऊपर किसी संरचना की अनुमति नहीं होगी ।

3.7 **मोनोपल्स सेकेण्डरी सर्विलांस राडार /सेकेण्डरी सर्विलांस राडार (एमएसएसआर / एसएसआर):** प्रचालनिक प्रयोग के आधार पर हवाई अडडा सर्विलांस राडार या वायुमार्ग सर्विलांस राडार के संबंध में दूरी तथा ऊंचाई का प्रतिबंधन समान होगा ।

3.8 माइक्रोवेव लिंक : दिगंश (azimuth) की सीधी लाइन के किसी भी ओर 30 मी0 का कोई कोरीडोर और उर्ध्व प्लेन में दृष्टि की सीधी लाइन से नीचे 10 मीटर तक ।

3.9 **अति उच्च आवृत्ति (यूएचएफ) लिंक** : दिगंश की सीधी लाइन के किसी भी ओर 30 मी0 का कोई कोरीडोर और उर्ध्व प्लेन में सीधी लाइन या उड़ान से नीचे 10 मीटर तक नहीं होगा ,

3.10 एन रूट बीकन: एंटेना के चारों ओर 30 मी0 की त्रिज्या के भीतर भूमि ।

3.11 **रिमोट रिसीवर :** स्थल के 1525 मीटर त्रिज्या के भीतर भूमि ।

3.12 **स्टैंड एलोन दूरी मापक यंत्र/ ऑटोमेटिक डिपेन्डेन्स सर्विलेंस- ब्रोडकॉस्ट (डीएमई/ एडीएस- बी) :** एंटेना से 150 मीटर की दूरी तक बेस एंटेना से नीचे 3 मीटर लेवल से ऊपर भूमि पर किसी भी संरचना की अनुमति नहीं होगी ।

3.13 **सरफेस मूवमेंट राडार (एसएमआर):** राडार एंटेना से 200 मीटर की दूरी तक बेस एंटेना से नीचे 2 मीटर लेवल से ऊपर भूमि पर किसी भी संरचना की अनुमति नहीं होगी ।

3.14 **एएसएमजीसीएस संदर्भ टीएक्स:** राडार एंटेना से 200 मीटर की दूरी तक बेस एंटेना से नीचे 5 मीटर लेवल से ऊपर भूमि पर किसी भी संरचना की अनुमति नहीं होगी ।

3.15 **एएसएमजीसीएस मल्टी-लेटरेशन (एमएलएटी) :** राडार एंटेना से 200 मीटर की दूरी तक बेस एंटेना से नीचे 2 मीटर लेवल से ऊपर भूमि पर किसी भी संरचना की अनुमति नहीं होगी।

3.16 **जीबीएएस रेफ्रेन्स रिसीवर:** एंटेना से 100 मीटर की दूरी तक भूमि पर किसी भी संरचना की अनुमति नहीं होगी ।

3.17 **जीबीएएस वीडीबी स्टेशन:** एंटेना से 300 मीटर की दूरी तक भूमि पर किसी भी संरचना की अनुमति नहीं होगी ।

3.18 जीबीएएस वीडीबी मानीटरिंग स्टेशन: एंटेना से 300 मीटर की दूरी तक भूमि पर किसी भी संरचना की अनुमति नहीं होगी ।

3.19 **जीपीएस स्यूडोलाइट प्रतिबंध:** किसी रनवे के एप्रोच फनल अथवा उस हवाई अडडे, जहां पर जीएनएसएस / जीबीएएस आधारित प्रचालन की योजना बनाई गयी/ विद्यमान है, के भीतर किसी भी जीपीएस स्यूडोलाइट का प्रयोग नहीं होगा ।

3.20 **जीएनएसएस रिपीटर अनुदेश:** एप्रोच फनल तथा उस मूल पटटी से 500 मीटर के अन्दर जहां पर जीएनएसएस / जीबीएएस आधारित प्रचालन की योजना बनाई गयी/ विद्यमान है, किसी भी जीएनएसएस रिपीटर का संस्थापन / प्रयोग नहीं होगा ।

4. परिभाषा तथा व्याख्या : अधिसूचनाओं में प्रयुक्त शब्दों की कतिपय परिभाषा नीचे दी गई है । अन्य शब्दों के लिए, नागर विमानन अपेक्षा खण्ड-4, सीरीज ख, भाग I विमानक्षेत्र डिजाइन तथा प्रचालन, इकाओ अनुबंध 14, अनुबंध 10 और दस्तावेज 8168 का संदर्भ लें ।

(i) रनवे : विमान की लैंडिंग तथा टेक ऑफ के लिए विमानक्षेत्र भूमि पर तैयार किया गया निश्चित आयताकार क्षेत्र ।

(ii) रनवे अन्तिम सुरक्षा क्षेत्र (आरईएसए): विस्तारित धावनपथ की केन्द्रीय रेखा के समरूप और पटटी के अंतिम छोर के आसपास का क्षेत्र जिसका मुख्य उददेश्य रनवे पर अन्डरशूटिंग या ओवररनिंग के समय विमान के नुकसान के जोखिम को कम करना होता है ।

Verified by RealEstate™

(iii) "रनवे स्ट्रिप" से अभिप्राय एक विनिर्दिष्ट क्षेत्र से है जिसमें धावन पथ और स्टॉपवे शामिल है, जिसका उद्देश्य है:

(क) रनवे पर दौड़ते हुए विमान को होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करना, और

(ख)अवतरण या उड़ान के दौरान इसके ऊपर उड़ते हुए विमान को सुरक्षित रखना ।

(iv) "रनवे कोड" से अभिप्राय नीचे दी गई तालिका के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट रनवे लम्बाई के संबंध में कॉलम (1) में विनिर्दिष्ट रनवे कोड संख्या से है :-

तालिका 1.1 रनवे पट्टी की लम्बाई –चौड़ाई

रनवे		उपकरण वाले रनवे		गैर उपकरण वाले रनवे	
रनवे कोड	एरोड्रम संदर्भ फील्ड लम्बाई (एआरएफएल) मीटर में	रनवे की केन्द्रीय रेखा के दोनों ओर पार्श्विक विस्तारित चौड़ाई (मीटर)	रनवे के अंतिम छोर /स्टापवे के बाद की लंबाई (मीटर)	रनवे की केन्द्रीय रेखा के दोनों और पार्श्विक विस्तारित चौड़ाई (मीटर)	रनवे के अंतिम छोर /स्टापवे के बाद की लंबाई (मीटर)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	<800	75	60	30	30
2	800<1200	75	60	40	60
3	1200<1800	150	60	75	60
4	1800 और अधिक	150	60	75	60

V) **'एप्रोच फलक'** निम्नलिखित के संबंध में: (परिशिष्ट -1 का संदर्भ लें)

क) उपकरण धावन पथ कोड 3 और 4 के संबंध में समद्विबाहु समलम्ब के आकार में वह क्षेत्र अभिप्रेत है जिसकी लम्बी समानातंर भुजा 4800 मीटर लम्बी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन के किसी भी ओर 2400 मीटर) होगी और छोटी समानांतर भुजा 300 मीटर लंबी (रनवे की विस्तारित मध्यलाइन से किसी भी ओर 150 मीटर) होगी, जहाँ छोटी और लंबी भुजाएं रनवे के छोर से तथा विस्तारित मध्य लाइन के समकोण में क्रमश: 60 मीटर और 15060 मीटर की दूरी पर होंगी ;

ख.) उपकरण वाला धावन पथ (परिशुध्दता) के कोड 1 और 2 के संबंध में

समद्विबाहु समलंब के आकार में वह क्षेत्र अभिपप्रेत है जिसकी लम्बी समांनतर भुजा 4650 मीटर लंबी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन से किसी भी ओर 2325 मीटर) होगी और छोटी समानांतर भुजा 150 मीटर लम्बी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन से दोनों ओर 75 मीटर) होगी, जहां छोटी और लंबी भुजाएं रनवे के अंत से तथा विस्तारित मध्य लाइन के समकोण पर क्रमश: 60 मीटर और 15060 मीटर की दूरी पर होंगी ;

ग.) उपकरण वाला धावन पथ (गैर- परिशुध्दता) कोड 1 और 2 के संबंध में

समद्विबाहु समलंब के आकार का वह क्षेत्र अभिप्रेत है जिसकी लंबी समानांतर भुजा 900 मीटर (रनवे के विस्तारित मध्य लाइन से किसी भी ओर 450 मीटर) तथा छोटी समानांतर भुजा 150 मीटर (रनवे के विस्तारित मध्य लाइन से किसी भी ओर 75 मीटर) होगी जहां छोटी ओर लंबी भुजाएं रनवे के अंत से तथा विस्तारित मध्य लाइन के समकोण पर 60 मीटर और 2560 मीटर -दूरी पर होगी;

Verified © RedIEstore ™

घ.) गैर उपकरण वाला धावन पथ कोड 3 और 4 के संबंध में समद्विबाहु समलंब आकार का क्षेत्र अभिप्रेत है जिसकी लंबी समानांतर भुजा 750 मी0 लंबी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन के किसी भी ओर 375 मी0) और छोटी समनांतर भुजा 150 मी0 लंबी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन के किसी भी ओर 75 मीटर) जहां छोटी ओर लंबी समानांतर भुजाएं रनवे में अंत से और विस्तारित मध्य लाइन के समकोण पर क्रमश: 60 मीटर और 3060 मीटर पर होगी ;

02 के संबंध में समद्विबाहु समलंब आकार का क्षेत्र अभिप्रेत है जिसकी लंबी समानांतर भुजा 580 मी0 लंबी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन के किसी भी ओर 290 मी0) तथा छोटी समानांतर भुजा 80 मीटर लम्बी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन के किसी भी ओर 40 मीटर) होगी, जहां छोटी और लंबी समानांतर भुजाएं रनवे के अंत से और विस्तारित मध्य लाइन के समकोण पर क्रमश: 60 मी0 और 2560 मी0 पर होंगी ;

च. उपकरण रहित रनवे कोड 1 के संबंध में आईसेलेस ट्रेपिजियम आकार के क्षेत्र से
अभिप्रेत है जिसकी लंबाई 380 मी लंबी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन से किसी भी ओर 190 मी0) तथा चौडाई 60 मी0 लंबी (रनवे की विस्तारित मध्य लाइन के किसी भी ओर 30 मी0) जहां छोटी और लंबी समानांतर भुजाएं रनवे के अंत से और विस्तारित मध्य लाइन के समकोण पर क्रमश: 30 मी0 और 1630 मी0 पर होंगी । उपकरण रहित वाला रनवे कोड 1,2,3 और 4 तथा उपकरण रहित रनवे कोड 3 और 4 की रनवे पट्टियों तथा एप्रोच फनल का आरेख परिशिष्ट में दिखाया गया है ।

VI) "उपकरण वाला रनवे" का अभिप्राय ऐसे रनवे से है जिन पर सीधे एप्रोच के लिए दिशा संबंधी पर्याप्त मार्गदर्शन उपलब्ध कराने वाले दृश्य तथा अदृश्य सहायक यंत्र उपलब्ध हैं तथा जो ऐसे वायुयानों के प्रचालन के लिए निर्मित हैं, जिसमें उपकरण एप्रोच प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है ।

VII) नान –प्रिसिजन एप्रोच रनवे – बिजुअल एवं नान बिजुअल वाला ऐसे उपकरणीय रनवे से अभिप्रेत है जो स्ट्रेट- इन एप्रोच के लिए दिशा का ज्ञान प्रदान करता है ।

VIII) परिशुद्धता एप्रोच रनवे, श्रेणी- । एक उपकरणीय रनवे जहां उपकरण अवतरण प्रणाली तथा/या एम एल एस और दृशीय सहायक उपलब्ध है जो कम से कम 60 मीटर निर्णायक ऊँचाई और कम से कम 800 मीटर की दृश्यता या कम से कम 550 मीटर की रनवे बिजुअल रेंज के साथ प्रचालनों के लिए बना हैं ।

IX) परिशुध्दता एप्रोच रनवे श्रेणी-॥ एक उपकरणीय रनवे जहां अवतरण प्रणाली तथा अथवा एम एल एस और दृशीय सहायक उपलब्ध हैं जो 60 मीटर की निर्णायक ऊँचाई से नीचे किन्तु 30 मीटर से उपर तथा कम से कम 350 मीटर की रनवे बिजुअल रेंज के साथ प्रचालनों के लिए बना है ।

X) परिशुध्दता एप्रोच रनवे श्रेणी-॥ एक उपकरणीय रनवे जहां उपकरण अवतरण प्रणाली तथा/अथवा रनवे की सतह के साथ एम एल एस उपलब्ध है और-

क) आईएलएस केट ॥ए - जो 30 मीटर से नीचे की निर्णयक ऊँचाई अथवा कोई निर्णयक ऊँचाई बिना तथा कम से कम 200 मीटर की रनवे बिजुअल रेंज के साथ प्रचालनों के लिए बना है ।

ख) आईएलएस केट ॥बी जो 15 मीटर से नीचे की निर्णयक ऊँचाई अथवा कोई निर्णयक ऊँचाई बिना तथा 200 मीटर से कम किन्तु 50 मीटर से अधिक रनवे बिजुअल रेंज के साथ प्रचालनों के लिए बना है ।

ग) आईएलएस केट ॥सी जो किसी निर्णयक ऊँचाई के बिना तथा रनवे बिजुअल रेंज लिमिटेशन के बिना प्रचालनों के लिए बना है ।

XI) 'गैर उपकरण वाले रनवे' से वे रनवे अभिप्रेत हैं जो उन वायुयानों के प्रचालन के लिए निर्मित हैं जिनमें बिजुअल एप्रोच प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है ।

XII) अति उच्च आवृति सार्वदिशिक रेडियों रेंज, टर्मिनल अति उच्च आवृति सार्वदिशिक रेडियों रेंज, तथा डोप्लर अति उच्च आवृति सार्वदिशिक रेडियों रेंज को अति उच्च आवृति बैंड की आवृति 112 से 118 मैगाहार्टज से प्रचालित करने पर संकेत प्रसारित होते हैं जिससे

एक विमान उसके कॉकपिट में लगे उपकरणों को ट्यून करता है तो भू उपकरण आवृति से सुविधाओं संबंधी दिशा स्वत: प्राप्त करने लगता है। यह विमान को पूर्वनिर्धारित दिशा में यात्रा करने में मदद करता है या प्रारंभिक स्थान से हवाई अड्डे तक की उड़ान में वे सुविधाएं सहायता करती है ।

XIII) "उपकरण अवतरण प्रणाली" (आईएलएस) एक विमान को कम विजिबलिटि की दशा में रनवे पर सुरक्षित उतरने में सहायता करती है। इसमें निम्नलिखित संघटीय सुविधाओं का समावेश है जैसे:

(क) "स्थानीक" (लोकलाईजर) सुविधा अति उच्च आवृति संकेतों को प्रसारित करती है, जब विमान इन संकेतों को पकड़ता है तो यह क्षैतिजिय स्तर में धावन पथ की केन्द्र रेखा को मार्गदर्शित करता है। यह सामान्यत: धावन पथ के अंतिम किनारे से लगभग 305 मीटर की दूरी पर स्थित होता है ;

(ख) विसर्पण पथ (ग्लाइड पाथ) सुविधा अति उच्च आवृति (अल्ट्रा हाई फ्रीक्वेंसी) संकेतों को प्रसारित करता है । यह सामान्यत: रनवे थ्रेशोल्ड से लगभग 275 मीटर से 305 मीटर की दूरी पर स्थित होता है और रनवे की केन्द्र रेखा से लगभग 122 मीटर से 137 मीटर की ऑफसेट दूरी पर होता है । यह कॉकपीट में लगे उपकरण की सहायता से उतरने वाले विमान को विसर्पण कोण की सूचना देता है । जब इसे विसर्पण पथ आवृति के लिए ट्यून किया जाता है तो यह बताता है कि विमान ऊँचे/नीचे/सही विसर्पण कोण के पास उड़ान भर रहा है ।

(ग) वाहव मार्कर/लोकेटर सुविधा अति उच्च आवृति बैंड में 75 मैगाहार्टज पर प्रचालित होने वाली सुविधाएं है जो धावनपथ की विस्तारित मध्य रेखा के साथ-साथ 3.5 और 6 समुद्री मील (एक समुद्री मील = 1853 मीटर) की दूरी के बीच सामान्यत: स्थापित होता है । उपकरण अवतरण प्रणाली विसर्पण पथ के साथ-साथ थ्रेशोल्ड से पूर्वनिर्धारित दूरी पर अवतरण करने वाले विमान को बताने के लिए रेडियेशन पैटर्न उत्पन्न करती है ;

XIV) "**रडार" में शामिल है** :-

(क) एयर सर्विलेंस रडार वह राडार सुविधा है जो एक हवाईअड्डे को 50 से 60 समुद्री मील की दूरी से विमान यातायात को स्कैन करने में सहायता करता है ।

(ख) विमान मार्ग निगरानी राडार या सेकेण्डरी निगरानी एक उच्च शक्ति वाला लम्बी दूरी का राडार है। यह लगभग 200 समुद्री मील की दूरी को कवर करता है। यह ए एस आर द्वारा कवर की जाने वाले दूरी से अधिक दूरी के विमान यातायात का अवलोकन करता है।

XV) संचार एवं दिकचालन सुविधाओं में शामिल है:-

(क) माइक्रोविव लिंक एक रेडियों सुविधा है । इसके द्वारा अधिकांशत इंटेलीजेंस /डाटा सूचना विमान यातायात नियंत्रण डिस्पले स्थल तक ले जाई जाती है ।

(ख) अति उच्च आवृति लिंक (यू एच एफ लिंक) एक रेडियों प्रसारण सुविधा है जो अति उच्च आवृति बैंड में प्रचालित होती है ।

(ग) वीकनस एक रेडियों प्रसारण है । यह एम एफ बैंड पर 200से 400 किलोहार्टज पर क्षैतिजिय स्तर में सार्वदिशिक प्रसारण को प्रचालित करता है । कॉकपीट में पर्याप्त उपकरणों से युक्त विमान अपनी गंतव्यदिशा स्वत: प्राप्त करता है ।


(घ) रिमोट रिसीवर्स (एच एफ बैंड) रेडियों रिसीविंग स्टेशन है। यह फैक्टी /औधोगिक क्षेत्र से दूरस्थ स्थल पर संस्थापित होते हैं जिससे कि मानव निर्मित स्टेटिक आदि से बच सके ।

टिप्पणी :दिकचालन एड्स की स्थिति अन्तरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुलग्नक 10 के प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित होगी ।

Verified RedEstore

अनुसूची – I

परिशिष्ट – 1



Verified © RealEstate ™

अनुसूची ॥

उद्देश्य

ऊँचाई अथवा अनुमत्य उन्नयन की गणना ढांचों के लिए प्रतिबंध और दूरीकरण अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) के आधार पर अनापत्ति प्रमाणपत्र की अनुमति की आवश्यकता होगी और रेडियो संचार, दिक्चालन और निगरानी (सीएनएस) सहायक अनुलग्नक-10 और डीओसी 8168 वाल्यूम ॥ पर प्रकाशित एवं आधारित उपकरण एप्रोच प्रक्रिया के विभिन्न खंडों के न्यूनतम उच्चता के लिए प्रचालन अपेक्षाओं के लिए परिभाषित की जाएगी ।

यह अनुलग्नक -॥ विभिन्न ओएलएस सतहों को परिभाषित करता है। सीएनएस और पी.ए.एन -ओपीएस की अपेक्षाओं के संदर्भ में ऊँचाई क्लीयरेन्स के मामलों में एन.ओ.सी की प्रक्रिया जहाँ उचित होगी अपनाई जाएगी ।

I. वस्तु परिसीमा सतह (इकाओ अनुलग्नक 14 और महानिदेशक नागर विमानन, भारत सरकार, एरोड्रम डिजाइन और परिचालन सीएआर पर आधारित) निम्न प्रकार से है :

I.I टेक ऑफ क्लाइम्ब सर्फेस-टेक ऑफ क्लाइंब सर्फेस का आयाम नीचे दिए गए टेबल में विनिर्दिष्ट आयाम से कम नहीं होगा सिवाय इसके कि यदि रनवे टेक ऑफ के लिए तैयार है, तो टेक ऑफ क्लाईम्ब सर्फेस के लिए कम से कम लम्बाई को अपनाया जाए, परन्तु इस प्रकार की कम लम्बाई बाहर जाने वाले विमानों के लिए अपनाई गई कार्यपद्धति उपायों के अनुरूप हो अर्थात :-

सारणी 2.1 अवरोध की परीसीमा सर्फेस का आयाम और ढलान

(उड्डान भरने के लिए रनवे)

सर्फेस और आयाम	**कोड संख्या**		
(1)	1	2	3 या 4
	(2)	(3)	(4)
टेक ऑफ क्लाइम्ब			
भीतरी सिरे की लंबाई	60 मी.	80 मी.	180मी0
रनवे के अन्तिम छोर से दूरी	30 मी.	60 मी.	60 मी0
विचलन (प्रत्येक ओर)	10%	10%	12.05%
अंतिम चौड़ाई	380 मी.	580मी.	1200मी0 1800 मी0
लंबाई	1600 मी.	2500मी.	15000मी0
स्लोप	5%	4%	2%
*सभी आयामों को क्षैतिज रूप में मापा गया है। ** जब वांछित पथ पर राडि में आईएमसी, वीएमसी में प्रचालनों 15^0 से अधिक हैडिंग में परिवर्तन हो।			

1.2 **संक्रमण सतह (सर्फेस)**

1.2.1 संक्रमण सतह की बाह्य सीमा का अवधारण वायुयान के भीतरी (इनर) ऊर्ध्वाकार सर्फेस से की जाती है । संक्रमण सतह की ढलान इस प्रकार होती है :-

(I) परिशुद्ध पहुंच रनवे - 14.3% (1:7)

(II) गैर परिशुद्ध - 14.3% (1:7) कोड 3 और 4 के लिए

20% (1:5) कोड 1 और 2 के लिए

(III) गैर उपकरण वाला रनवे - 14.3% (1:7) कोड 3 और 4 के लिए

20% (1:5) कोड 1 और 2 के लिए

संक्रमण सतह का ढलान की माप धावन पथ के मध्य लाइन के समकोण पर ऊर्ध्वाकार स्तर में की जाएगी ।

1.2.2 निम्न छोर पर बिन्दु का उन्नयन निम्न रूप में होगा

(क) पहुंच सतह के पार्श्व के साथ - बिन्दु पर पहुंच सतह के समतुल्य

Verified RealEstate™

(ख) पट्टी के साथ-साथ - रनवे या इसके विस्तारण के मध्य लाइन के
निकटतम बिन्दु के उन्नयन के समतुल्य

1.3 **पहुंच सतह**

1.3.1 पहुंच सर्फेस विमानों के इन्टेंडेड लैंडिंग की दिशा में प्रत्येक धावन पथ के लिए स्थापित किया जाएगा। सीमा और ढलान नीचे सारणी में दिए गए है :-

1.3.1.1 उपकरण रनवे

अप्रोच रनवे की इनर एज

भीतरी छोर की लंबाई	-	150 मी0 कोड सं0 1 और 2 के लिए
		300 मी0 कोड सं0 3 और 4 के लिए
थ्रेशोल्ड से रनवे दूरी	-	60 मीटर
विचलन	-	15% किसी भी ओर

पहुंच सतह की लम्बाई एवं ढलान : सारणी 2.2 में दी गई है

सारणी : 2.2 उपकरण रनवे की ढलान पहुंच सतह

रनवे		परिशुध्द पहुंच रनवे		गैर - परिशुध्द पहुंच रनवे		
कोड सं.	एरोड्रम संदर्भ फील्ड लम्बाई (मीटर)	प्रथम खण्ड लंबाई (मीटर) एवं स्लोप	द्वितीय खण्ड लम्बाई मीटर एवं स्लोप	प्रथम खण्ड लंबाई (मीटर) एवं स्लोप	द्वितीय खण्ड लम्बाई (मीटर) एवं स्लोप	ऊर्ध्वाकार खण्ड (मीटर)
1.	<800	3000 2.5%	12000** 3%	2500 3.33%	-	-
2.	800<1200	3000 2.5%	12000** 3%	2500 3.33%	-	-
3.	1200<1800	3000 2%	3600 2.5%	3000 2%	3600 2.5%	8400*
4.	1800 और ऊपर	3000 2%	3600 2.5%	3000 2%	3600 2.5%	8400*

*कोड सं. 3 और 4 परिशुध्द और गैर- परिशुध्द के लिए पहुंच सर्किल की कुल लंबाई 15000मी. होगी।

** परिशुध्द पहुंच रनवे कोड सं. 1 और 2 के लिए पहुंच सतह की कुल लंबाई 15000 मी. होगी।

1.3.1.2 गैर-उपकरण वाला रनवे

भीतरी छोर की पहुंच सतह

भीतरी छोर की लंबाई	-	60 मी. कोड सं. 1 के लिए
		80 मी. कोड सं. 2 के लिए
		150 मी. कोड सं. 3 और 4 के लिए
थ्रेशहोल्ड से रनवे की दूरी	-	30 मी. कोड सं. 1 के लिए
		60 मी. कोड सं. 2,3, और 4 के लिए
विचलन		10% किसी भी ओर

पहुँच सतह की लंबाई एवं ढलान : सारणी 2.3 में दी गई है

Verified © RedEstate™

सारणी 2.3 - गैर उपकरण वाले रनवे की पहुंच सतह ढलान

रनवे		पहुँच सतह की लंबाई और ढलान	
कोड सं.	एरोड्रम संदर्भ फील्ड लंबाई (मीटर)	लंबाई (मीटर)	सेक्शन ढलान
1.	<800	1600	5%
2.	800<1200	2500	4%
3.	1200<1800	3000	3.33%
4.	1800 और ऊपर	3000	2.5%

1.3.1.3 हवाई अड्डा जहां एक रनवे की परस्पर व्यापन पहुँच क्षेत्र सहित एक से अधिक रनवे है तब दोनों में से सबसे कठोर वाला ही मानदंड लागू होगा।

1.3.1.4 पहुंच स्तर की अवधारणा करने के लिए रनवे के भौतिक अंतिम छोर पर ही विचार किया जाएगा तथापि विस्थापित थ्रेशोल्ड की दशा में रनवे के अंतिम छोर अथवा विस्थापित थ्रेशोल्ड जो भी सर्वाधिक अवरोधक हो के संदर्भ में अनुमत्य ऊँचाई की गणना एप्रोच तथा संक्रमण सतह के आधार पर की जाएगी।

1.3.1.5 ऐसे हवाई अड्डे पर जहां रनवे के विस्तार का प्रस्ताव है, अपेक्षित सतह का निर्धारण प्रस्तावित विस्तार के साथ-साथ विद्यमान रनवे की पट्टी/सहबद्ध क्लीयर वे जैसा कि लागू हो, होगा तथा दोनों मूल्यांक में से जो कम होगा वही अनुमत्य होगा। सहबद्ध रनवे छोर का उन्नयन/विस्थापित थ्रेशहोल्ड/रनवे का प्रस्तावित विस्तार, पहुंच सतह के लिए आधार होगा।

1.3.1.6 पहुंच सतह के ढलान माप रनवे की मध्य लाइन को अंतर्विष्ट करते हुए ऊर्ध्वाकार स्तर से की जाएगी।

1.4 भीतरी क्षैतिज सतह (आईएचएस)

1.4.1 भीतरी क्षैतिज सतह का आयाम और उसके अनुमत्य ऊँचाई नीचे सारिणी में दी गई है :-

सारणी : 2.4 भीतरी क्षैतिज सतह का आयाम और उसकी अनुमत्य ऊँचाई

रनवे		उपकरण		गैर-उपकरण	
कोड सं0	एरोड्रम संदर्भ फील्ड लम्बाई(मी0)	रेडियस (मीटर)	ऊँचाई (मीटर)	रेडियस (मीटर)	एरोड्रम एलिवेशन (मी0) ऊँचाई से ऊपर
1.	<800	3500*	45	2000*	45
2.	800<1200	3500*	45	2500*	45
3.	1200<1800	4000*	45	4000*	45
4.	1800 और ऊपर	4000*	45	4000*	45

*रनवे कोड सं. 1 और 2 के लिए आईएचएस की रेडियस की माप एरोड्रम संदर्भ बिन्दु से की जाएगी।

** रनवे कोड सं. 3 और 4 के लिए आईएचएस की रेडियस की माप रनवे के छोर से की जाएगी।

1.4.1.1 भीतरी क्षैतिज सतह के लिए संदर्भ आधार इस अधिसूचना के उपबंध (जी) में निर्दिष्ट विमानपत्तन उन्नयन होगा।

1.4.1.2 रनवे कोड सं. 3 और 4 के लिए भीतरी क्षैतिज सतह का मिश्रित पैटर्न होगा जो 4000 मीटर की त्रिज्या सहित दो अंतिम छोर पर केन्द्रीत गोलीय क्षेत्र से मिलकर बनेगा इस क्षेत्रों को दीर्घ वृतीय आकार बनाने के लिए स्पर्श रेखीय रूप में मिलाया जाएगा। जो परिशिष्ट - ए में दर्शाया गया है।

1.4.1.3 जहां दो या अधिक विस्तृत स्थान वाले लंबे रनवे को संरक्षित करना अपेक्षित है तब और अधिक जटिल पैटर्न अपनाया जाता है जिसमें चार या अधिक गोलीय क्षेत्र अंर्तग्रस्त होते है। इन क्षेत्रों को स्पार्शिक रूप से सीधी रेखा से जोड़ा जाना चाहिए और भीतरी क्षैतिज सतह (आइ.एच.एस) को परिणामी पैटर्न की बाह्य सीमा द्वारा परिभाषित किया जाना चाहिए। संदर्भ परिशिष्ट - ए 1

Verified by RealEstate™

1.4.1.4 जब दो हवाई अड्डे एक-दूसरे से निकट होते है और उनका सर्किट एक-दूसरे से अतिलंघन करता है तब भीतरी क्षैतिज सतह को (आइ.एच.एस) इस प्रकार बनाया जाएगा, जैसा पैरा 1.4.1.3 में विहित है । इन दोनों हवाई अड्डों की भीतरी क्षैतिज सतह को एक ही आइ.एच.एस बनाने के लिए संपार्श्विक रूप से जोड़ दिया जाना चाहिए ।

1.4.1.5 दो हवाई अड्डों की सेवा करने वाले एक समान क्षैतिज सतह की दशा में, आइ.एच.एस का उन्नयन वह होगा जो दोनों हवाई अड्डों में कम होगा ।

1.5 **शंक्वाकार सतह**

1.5.1 शंक्वाकार सतह को भीतरी क्षैतिज सतह (आइ एच एस) की परिधि से ऊपर की ओर तथा बाहर की ओर प्रक्षेपित किया जाना चाहिए । शंक्वाकार सतह का ढलान 5 (1:20) का मापन भीतरी क्षैतिज सतह की परिधि के ऊर्ध्वाकार स्तर के लंब रूप में किया जाना चाहिए । शंक्वाकार सतह की बाहरी सीमा तथा अनुमत्य ऊँचाई नीचे की सारणी में दी गई है । इस अधिसूचना के अनुलग्नक ए-2 में दिए गए अनुसार शंक्वाकार सतह के लिए संदर्भ डेटम विमानक्षेत्र एलीवेशन होगा ।

टिप्पणी : जहां भीतरी क्षैतिज सतह और शंक्वाकार सतह का एक भाग एप्रोच/टेक ऑफ क्लाइंब सतह से नीचे पड़ता है, वह अनुमत्य ऊँचाई लागू होने वाली सतह का निम्नतम होगी ।

1.6 बाहरी क्षैतिज सतह (ओ एच एस)

1.6.1 विमान क्षेत्र के लिए विमान क्षेत्र संदर्भ रनवे कोड 3 और 4 से बाहरी क्षैतिज सतह (ओ एच एस) बिन्दु (ए आर पी) से 15000 मीटर का विस्तार होगा ।

1.6.2 रनवे कोड 2 वाले विमान क्षेत्र की दशा में बाहरी क्षैतिज सतह (ओ एच एस) उपकरण रनवे के लिए विमान क्षेत्र संदर्भ बिन्दु से 14740 मीटर तथा गैर उपकरण वाले रनवे के लिए 13740 मीटर होगा ।

1.6.3 जहां दो हवाई अड्डों के लिए संयुक्त बाहरी क्षैतिज सतह स्थापित है, वहां बाहरी क्षैतिज सतह उच्चतर केटेगरी के हवाई अड्डे के विमानक्षेत्र बिन्दु पर केंद्रिक होगा ।

1.6.4 विमान क्षेत्र जिसकी बाहरी क्षैतिज सतह (ओ एच एस) की रनवे कोड संख्या 01 है स्थापित नहीं किया जाएगा ।

1.6.5 बाहरी क्षैतिज सतह (ओ एच एस) इस प्रकार परिभाषित किया जाएगा कि शंक्वाकार सतह 5 प्रतिशत ढलान से उस बिन्दु तक विस्तारित हो जहां 300 मीटर की अधिकतम अनुमत्य उंचाई (विमान क्षेत्र के उन्नयन से ऊपर) प्राप्त हो जाए व तदुपरांत यह सतह ए आर पी से 15 किलोमीटर तक बनाए रखी जाएगी। ऐसा नजदीकी निर्माण जो इन सतहों के ऊपर उठा हुआ है उसे साधारणत: अनुमति नहीं दी जाएगी । एरिया में विद्यमान या मौजूद बाधाओं को चिह्नित/प्रकाशित किया जाना चाहिए ।

टिप्पणी : रक्षा हवाई अड्डों के मामलें में हवाई अड्डे की अधिकतम अनुमत्य ऊँचाई शंकुरूप और ओएचएस में 150 मीटर से उपर ऊँचाई (एलिवेशन) होगी ।

1.6.6 सतहों में असंगत वर्टिकल परिवर्तन को रोकने के लिए एप्रोच के किनारों से 1.7 के अनुपात पर शंक्वाकार सतहों से परे सतहों की ढलान तिरछी होगी और टेक ऑफ सतह 150 से 300 मीटर की अनुमत्य उँचाई के बीच होगी । (परिशिष्ट - ए 2 का आरेख देखें)

1.6.7 यथाविनिर्दिष्ट बाहरी क्षैतिज्यिक सतह के लिए डेटम एयरडोम एलिवेशन होगी।

1.7 **भीतरी पहुंच, भीतरी परिवर्ती और बाधायुक्त बैफिल सतह** (ओ एफ जेड) ।

1.7.1 प्रिसीजन एप्रोच के लिए श्रेणी II और III प्रचालनों हेतु अवरोध मुक्त जोन स्थापित किया जाए । श्रेणी II अथवा III प्रचालन के लिए जब रनवे का उपयोग किया जाता है तो जोन विमान दिक्चालन के लिए संक्रमणीय पदार्थों से जैसे विमान और वाहनों तथा स्थिर वस्तुओं वाले अवरोधों से मुक्त रखा जाए, सिवाय हल्के भार वाली भंगुर आरूढ सुविधाएं जिन्हें कि उनकी अपनी क्रियाएं संपादित करने के लिए रनवे के पास स्थापित होना चाहिए ।

टिप्पणी: रनवे कोड सं. 1 और 2 के लिए ओ एफ जेड स्थापित नहीं किए जाते है ।

ओ एफ जेड (बाधा मुक्त क्षेत्र) (कोड 3 और 4) के आयाम और ढलान नीचे दिए गए है :-

1.7.1.1 भीतरी पहुंच सतह

चौडाई	120 मीटर
थ्रेशहोल्ड से दूरी	60 मीटर
लंबाई	900 मीटर
ढलान	2%

1.7.1.2 भीतरी परिवर्ती सतह

ढलान	33.3%

1.7.1.3 बाल्कड लैंडिंग सतह

भीतरी छोर की लंबाई	120 मीटर
थ्रेशहोल्ड से दूरी	1800 मीटर
विचलन	10%
ढलान	3.33%

2. संचार दिक्चालन और निगरानी सुविधाओं की विविध मात्रा की सेवा का संरक्षण (इकाओ अनुलग्नक -10 पर आधारित दिक्चालन सुविधा)

2.1 **अति उच्च आवृत्ति ओमनी रेंज/टर्मिनस अति उच्च आवृत्ति ओमनी रेडियों रेंज/और अति उच्चावृति ओमनी रेडियों रेज/दूरी मापक उपकरण -** सुविधा से 300 मीटर के अर्धव्यास से आगे के क्षेत्र में वी. ओ. आर. के केन्द्र में सुविधा के प्रतितोल के बीच में से गुजरते हुए क्षैतिज तल से 1.5 डिग्री से अधिक उर्ध्वाधर कोण बनाते हुए कोई डांचा नहीं होना चाहिए।

2.2 **केवल एक मात्र दूरी मापक उपकरण (डीएमइ) -** दूरी मापक उपकरण के आधार से मापित 3 डिग्री के उन्नतांश कोण किसी भी स्टील टावर, पावर लाइन, मेटल बिल्डिंग से 150 मीटर आगे नहीं बढ़ पायेगा।

2.3 लोकेलाइजर

2.3.1 अनुलग्नक 1 में दिए गए विशिष्ट क्षेत्रों से परे और एन्टिना के समान वाले क्षेत्र में ±10 डिग्री के आधार दिशाकोण और एन्टिना के केन्द्र पर 0.75 डिग्री से अधिक के उन्नयन कोण के लक्ष्य को बनाये नहीं रख सकेगा।

2.3.2 अनुलग्नक 1 में दिए गए विशिष्ट क्षेत्रों से परे और एन्टिना के समान वाले

क्षेत्र में 10 डिग्री से दिगंश 35 डिग्री के अन्दर दिशाकोण एन्टिना विन्यास पर 1.1 डिग्री से अधिक का उन्नतांश कोण के लक्ष्य को बनाये नहीं रख सकेगा।

2.3.3 किसी बात के होते हुए भी पैरा 2.3.1 और 2.3.2 में सभी एयरपोर्टों पर

आई.एल.एस केट II और केट III पर विचार करना और लोकेलाइजर एन्टिना की सभी वस्तु विन्या यंत्र का +_ 18 डिग्री के लिए मध्य सुराख और एन्टिना एलएलजेड +_ 15 डिग्री के लिए चौड़ा सुराख और थ्रेशहोल्ड से परे 1050 मीटर की दूरी तक और आई एल एस के निष्पादन पर बहुपथ (मल्टीपाथ) प्रभावों के लिए उनका संभावित विश्लेषण होना।

2.4 ग्लाईड पाथ

अनुलग्नक 1 में दिए गए विशिष्ट क्षेत्र से परे और विसर्पण पथ एन्टिना के सामने वाले (पहुँच दिशा में) क्षेत्र में 8 डिग्री के आधार दिशाकोण, एन्टिना आधार पर 1.1 डिग्री से अधिक का उन्नतांश कोण को भवन/संरचना कक्षान्तरित नहीं कर सकेगा।

2.5 एयरपोर्ट सर्विलेंस रडार (ए.एस.आर)

2.5.1 जिन हवाई अड्डों पर केवल एक एएसआर द्वारा सेवाएँ दी जा रही हैं।

अथवा सेवा दिए जाने का प्रस्ताव है उनके लिए निम्नलिखित मापदण्ड लागू होंगे :

Verified © RealEstate ™

2.5.1.1 विशिष्ट राडार स्थल से 500 मीटर से आगे अनुमन्य ढांचों की उंचाई को 0.05 मी. प्रति मी. की दर से उस बिन्दु तक बढाया जा सकता है जहां कि अनुमत्य ढांचे की उंचाई अधिकतम दूरी पर (राडार स्थल से) न्यूनतम सेक्टर उंचाई के 10% बिन्दु से एंटीना स्तम्भ के मध्य निर्धारित रेखा से उपर नहीं निकले । इसके लिए उस विशेष क्षेत्र में एम. एस. ए. पर भी विचार किया जाए । उपर बताए गए बिन्दु से आगे अधिकतम दूरी पर (राडार स्थल से) न्यूनतम सेक्टर उंचाई के 10% बिंदु से एंटीना स्तम्भ के मध्य निर्धारित रेखा से उपर किसी भी लम्बे वस्तु को ले जाने की अनुमति नहीं होगी । यह उस विशेष क्षेत्र में एम. एस. ए. पर निर्भर करेगा ।

टिप्पणी :लम्बे वस्तु से तात्पर्य अलग-थलग या सामूहित रूप से खडे उन ढांचों से है जो राडार एंटीना पर 0.4 डिग्री या इससे अधिक के दिगंश कोण पर सम्मुख स्थित हैं । इमारतों के समूह के मामले में जहां कि आस-पास की दो इमारतों के मध्य अंतर एंटीना स्तम्भ पर 0.4 डिग्री दिगंश कोण से भी कम है, इमारतों के पूरे समूह को एक वस्तु माना जाएगा। रेखाचित्र निरूपण अनुलग्नक-बी पर उपलब्ध है ।

2.5.2 जिन हवाई अड्डों को बहु रडारों (एक एएसआर से अधिक), प्रचालित तथा एकीकृत द्वारा सेवित किया जा रहा है अथवा सेवित किए जाने का प्रस्ताव है उसके लिए निम्नलिखित मापदण्ड लागू होंगे :

2.5.2.1 केवल एक एएसआर संस्थापित किए जाने तथा प्रस्तावित ए एस आर का अभी प्रचालनिक तथा एकीकृत किए जाने के मामले में मौजूदा ए एस आर पर प्रावधान 2.5.1 के प्रावधानों के अनुसार ऊँचाई की गणनाओं के लिए विचार किया जाएगा ।

2.5.2.2 बहु राडार प्रणाली के प्रचालनिक तथा एकीकृत किए जाने के पश्चात एकीकृत प्रणाली में अनुमत्य अधिकतम ऊँचाई पर आवेदक के लिए ऊँचाई की गणना हेतु विचार किया जाएगा। तथापि, राडार निष्पादन आवश्यकता की दृष्टि से, संरचनाओं की जाँच-पड़ताल की जानी होती है तत्पचात यह सुनिश्चित किया जाता है कि राडार के कार्य निष्पादन में कोई कमी न हो ।

